NBN
कल का इंतजार क्यों... आज की खबर आज
# नवभारत न्यूज
सबकी खबर, सबपर नजर
ऑनलाइन अखबार
पवन भोजक 92526 13331
29 जून 2021, मंगलवार, बीकानेर
web : www.navbharatnews.in Email : pawan.bhojak@gmail.com

# बैंड-बाजा व टैंट वालों ने किया प्रदर्शन

## कुछ सावे ही बचे हैं, संख्या व समय छूट की लगाई गुहार

29 जून 2021 नवभारत न्यूज

बीकानेर। बीकानेर। शादी समारोहों और संबंधित व्यवसायों को छूट की मांग को लेकर जिला टेंट व्यवसाय वेलफेयर समिति बीकानेर एवं अन्य समितियों की ओर से जिला कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। गाजे बाजे वालों के साथ घोड़ों पर सवार होकर आये प्रदर्शनकारियों ने रोजगार पर आएं इस संकट से निजात दिलाने की सरकार से गुहार लगाई। प्रदर्शन कर रहे टेंट व्यवसायियों, बैंड बाजे वालों, हलवाइयों, कैटरिंग से जुड़े लोगों व फोटोग्राफर्स ने एक स्वर में शादी समारोह में समय अवधि व व्यक्तियों की पाबंदियों को हटाने तथा इससे जुड़े व्यवसाय को पूर्णतया खोलने की मांग की।

प्रदर्शन करने वालों में जिला टैंट व्यवसायी वेलफेयर समिति के अध्यक्ष पूनमचंद कच्छावा ने 24 घंटे की चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे व अन्य समितियों द्वारा सरकारी व अर्ध सरकारी कार्यों का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया जाएगा, चक्का जाम, धरना प्रदर्शन, आमरण अनशन आदि किए जाएंगे। ऑल फोटोग्राफर फाउंडेशन अध्यक्ष सुधाकर शर्मा ने बताया कि अगर प्रशासन ने हमारी मांगों पर जल्द फैसला नहीं लिया तो उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अभिषेक स्वामी तथा पंकज जिंदल महासचिव महेंद्र सोनगरा सचिव इस प्रदर्शन में सम्मिलित रहे।



### इनके बिना शादी-समारोह अधूरा, लाखों हुए बेरोजगार

राज्य सरकार द्वारा अनलॉक-3 में शादी विवाह आयोजन में 40 लोगों को अनुमत किया गया है जिसमें 25 परिवार के लोग 10 बैंड बाजा वाले एवं 5 अन्य व्यक्तियों को शामिल किया गया है। वैवाहिक समारोह कि समय सीमा सायं 4:00 बजे तक की रखी है, सरकार की विवाह संबंधित गाइडलाइन इस प्रकार से जारी की गई है जो अव्यवहारिक हैं। दाम्पत्य जीवन के लिये फेरे एक महत्वपूर्ण पूजा है जो मुहूर्त से ही करवाये जाते हैं। राजस्थान सरकार ने शादी समारोह वालों के साथ जुड़े हुए परिवार को भी नहीं देखा स्टेज साउंड का कार्य होने से पीछे कितने लोगों के परिवार जुड़े हुए हैं फोटोग्राफर, कोरियोग्राफर डांसर, एंकर, एलईडी वॉल ये सभी स्टेज साउंड से जुड़े हुए हैं जिनका बिना टेंट, स्टेज साउंड कोई काम नहीं है। राजस्थान में लगभग 10 लाख व्यापारी परिवारों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। लॉकडाउन के कारण हमारा सीजनल व्यापार 100 प्रतिशत खत्म हो गया जिसके कारण हमारा व व्यवसाय से जुड़े कर्मचारियों का परिवार पर रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है।

### ये है मांगें

संयुक्त रूप से 40 व्यक्तियों की जगह 200 व्यक्तियों की परमिशन दी जाए एवं व्यापार को टेंट, लाइट, जनरेटर, फ्लावर एंड कैटरिंग, हलवाई, फोटोग्राफी, डीजे, बैंड, इवेंट, लवाजमा थीम, ब्यूटी पार्लर आदि को पूर्ण रूप से खोला जाए और शादी समारोह में समय अवधि को रात्रि 10:00 बजे तक की जाए क्योंकि अब कुछ ही सावे (मुहूर्ताअनुसार शादी में) शेष रह गए।

### इन्होंने किया प्रदर्शन

प्रदर्शन में बीकानेर टैंट व्यवसायी, फोटोग्राफर एसोसिएशन, बैंड व्यवसायी, साउण्ड एसोसिएशन, लाइट, जनरेटर, फ्लावर एंड कैटरिंग, हलवाई, डीजे, बैंड, इवेंट, लवाजमा थीम, ब्यूटी पार्लर के पदाधिकारी शामिल रहे।




# संस्कृत शिक्षा विभाग का हो विकास : शर्मा

29 जून 2021 नवभारत न्यूज

बीकानेर। प्रदेश संस्कृत शिक्षा विभाग की स्थापना के उद्देश्यों की पालना के साथ-साथ संस्कृतानुरागियों की भावना का सम्मान करते हुए इस विभाग के मूल अस्तित्व को बचाने के लिए किसी भी स्तर पर, किसी भी मंच पर जाकर यदि अपनी बात रखनी पड़ी तो जरूर रखूंगा यह कहना है बनवारी शर्मा का। राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त कर्मचारी महासंघ लोकतांत्रिक के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बनवारी शर्मा के द्वारा इस समय संस्कृत शिक्षा विभाग के अस्तित्व को बचाने के लिए एक मुहीम चलाई है जिसके अंतर्गत शासन के



अधिकारियों के बाद सरकार को अपना 12 सूत्रीय मांगपत्र प्रस्तुत किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ साथ केबिनेट मंत्री बीडी कल्ला को भी जयपुर में मुलाकात कर अपना मांगपत्र प्रस्तुत पेश किया।

# गुरुवार से खुलेगा बाबा का दरबार



29 जून 2021 नवभारत न्यूज

बीकानेर। राज्य सरकार द्वारा अनलॉक की प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही हाल ही में जारी की गई गाइड लाइन में सभी धार्मिक स्थलों और मंदिरों को शाम 4 बजे तक खोलने के आदेश दिए गए हैं। पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े मंदिर बाबा रामदेव समाधि परिसर पर अभी भी ताले लगे हैं। जिला कलेक्टर द्वारा बाबा रामदेव की समाधि परिसर को 1 जुलाई को खोलने के निर्देश दिए हैं। 76 दिन बाद मंदिर में भक्त दर्शन कर सकेंगे।

# जिला उद्योग संघ का अद्भुत सेवा कार्य

## कबाड़ में पड़ी 42 ट्रोलियों को दिया नया रूप



29 जून 2021 नवभारत न्यूज

बीकानेर जिला उद्योग संघ ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करते हुए पीबीएम अस्पताल की कबाड़ में पड़ी 42 ट्रोलियों को नया रूप देकर पीबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ. परमेन्द्र सिरोही व डॉ. पी.डी. तंवर को सुपुर्द की। अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि पीबीएम अस्पताल में मरीजों को लाने व ले जाने में आ रही ट्रोलियों की कमी को देखते हुए अधीक्षक डॉ. परमेन्द्र सिरोही से सम्पर्क कर कबाड़ बन चुकी ट्रोलियों को बीकानेर जिला उद्योग संघ में लाकर ट्रोलियों के पहिये, लोहे की चद्दर व पाइप नए डलवाए गये और वापस इन ट्रोलियों को नया रूप देकर पीबीएम अस्पताल को सुपुर्द कर दी गई। डॉ. परमेन्द्र सिरोही ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए किया गया यह कार्य अन्यों के लिए भी प्रेरणादायी सिद्ध होगा। इस अवसर पर राजीव यूथ क्लब अध्यक्ष अनिल कल्ला, विनोद गोयल, वीरेंद्र किराडू, नरेश मित्तल, हरिकिशन गहलोत, अशोक गहलोत, आदर्श शर्मा, पार्षद पुनीत शर्मा, सुशील व्यास, डॉ. आशीष सोलंकी, डॉ. पंकज मोहता, किशन मूंधड़ा, पवन पचीसिया, रोहित पचीसिया आदि उपस्थित रहे।

# दो हजार सैम्पल में एक भी संक्रमित नहीं

29 जून 2021 नवभारत न्यूज

बीकानेर। जिले में संक्रमण लगभग समाप्त हो चुका है। केवल 45 मरीज एक्टिव हैं हो हॉस्पिटल में उपचाराधीन हैं तथा तीन मरीज होम क्वारेंटीन हैं। कोविड स्पेशल ऑफिसर डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि मंगलवार को कुल 2287 सेम्पल लिए गए जिनमें एक भी संक्रमित रिपोर्ट नहीं हुआ।







# महासचिव व्यास के जन्मदिन पर भोजन वितरण व पौधरोपण

29 जून 2021 नवभारत न्यूज

बीकानेर। राजस्थान युवा कांग्रेस के महासचिव अरुण व्यास के जन्मदिन पर बीकानेर वेलफेयर सोसायटी द्वारा पीबीएम हॉस्पिटल परिसर भोजन के 200 पैकेट वितरित किए गए। सोसायटी के कैलाश राठी ने बताया कि इस दौरान गर्वित व्यास, शुभम करनानी, ऋषभ मारू, भवानी आसेरी, राज चांगरा, महेश घारू आदि उपस्थित रहे। राजस्थान बॉडी बिल्डिंग संघ के उपाध्यक्ष एवं बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक अरुण व्यास के जन्मदिन पर बीकानेर बॉडी बिल्डिंग संघ के बॉडी बिल्डरों ने म्यूजियम पार्क मैं 21 पौधों का रोपण कर उनके सरंक्षण की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर वरिष्ठ बॉडी बिल्डर हरीश सोनी ने बताया कि अरुण व्यास ने बॉडी बिल्डिंग मैं कई राष्ट्रीय व राज्य स्तर के पदक विजेता खिलाड़ी बीकानेर को दिए है एंव वर्तमान में भी काफी खिलाड़ी उनके मार्गदर्शन में आगामी प्रतियोगिता की नि:शुल्क तैयारी कर रहे हैं। पौधरोपण मैं अविनाश व्यास, जसवंत सिंह, अभिनीत ठाकुर, प्रवीण पुरोहित, आशुतोष स्वामी, सद्दाम हुसैन व विकास चांवरिया आदि उपस्थित रहे।



# एसबीआई बैंक ने भेंट किये अपना घर आश्रम में उच्च क्षमता के कूलर



29 जून 2021 नवभारत न्यूज

बीकानेर। अपना घर आश्रम के अध्यक्ष जुगल राठी ने बताया कि मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अपना घर आश्रम में प्रभु आवासियों के लिए उच्च क्षमता का कूलर भेंट किया गया। अध्यक्ष राठी ने बताया कि एसबीआई बैंक जयपुर सर्किल के महाप्रबंधक अरविन्द कुमार सिंह व उपमहाप्रबंधक बीकानेर के सुशील कुमार ने आश्रम की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान हरिकुमार राजपाल सहायक महाप्रबन्धक बीकानेर साऊथ, अनिल सहाय सहायक महाप्रबन्धक बीकानेर नॉर्थ, सुजीत कुमार सुमन, राजु शर्मा, मोनू गहलोत, झंवरलाल सुथार आदि उपस्थित रहे।

### मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों की कंप्यूटर टंकण परीक्षा 10 जुलाई को

बीकानेर। मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रित के रूप में अनुकंपात्मक नियुक्ति प्राप्त कनिष्ठ सहायकों की हिंदी या अंग्रेजी की कंप्यूटर टंकण परीक्षा 10 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे से गंगा थिएटर के पास स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित होगी। परीक्षा आयोजना समिति अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) बलदेव राम धोजक ने बताया कि सभी संबंधित अभ्यर्थी 7 जुलाई से अपने प्रवेश पत्र कलक्टर कार्यालय की स्थापना शाखा (कमरा नंबर 13) से कार्यालय समय में ले सकेंगे।

# प्रदेशाध्यक्ष डॉ जावा ने किया कार्यालय का उद्घाटन

29 जून 2021 नवभारत न्यूज

बीकानेर। राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष धनश्याम लोहिया ने बताया कि एमएम ग्राउंड के सामने राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के बीकानेर संभाग कार्यालय का विधिवत उद्घाटन मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ शान्तिलाल जावा द्वारा किया गया। इस अवसर पर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम पंडित, महिला मोर्चा मुख्य महामंत्री नीलम कांगड़ा, महामंत्री पारस तेजी, अनिल गोयल, राकेश लोहिया, उपाध्यक्ष राजेन्द्र घारू, साजन तेजी, राजा सर्वटा व विनोद चांवरिया आदि उपस्थित रहे।

# जोधपुर सम्भाग प्रभारी बनाने पर व्यास का अभिनन्दन

29 जून 2021 नवभारत न्यूज



बीकानेर। यूथ कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश कोऑर्डिनेटर ऋषि व्यास जोधपुर संभाग का प्रभारी बनाए जाने पर राजस्थान राज्य एलएचवी एसोसिएशन की ओर से सोमवार को व्यास का अभिनंदन किया गया। इस दौरान एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष साजिदा बानो, जिला अध्यक्ष कमला, सुमन, सलमा, शाहिदा बानो अप्सा, सुनीता, अंजू, कमलेश, कविता, सुमन और मुकेश आदि उपस्थित रहे।

ऑनलाइन अखबार की पोस्ट प्राप्त करने तथा अखबार में समाचार व विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें- Email : pawan.bhojak@gmail.com
पवन भोजक- 92526 13331, ताराचन्द देवड़ा- 95090 89303, जीतू बीकानेरी- 96723 13100, राकेश पुरोहित- 94145 82829, प्रणव भोजक- 79769 33009, जैनेन्द्र शर्मा- 9460702240, किशन संवाल- 97840 01281, सुनीता भोजक- 7014103294